14.02.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम में पांच हजार चार सौ करोड़ से अधिक रुपये की लागत की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बुरहानपुर और खंडवा में करोडों के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।
- महाशिवरात्रि का महापर्व कल प्रदेशभर में भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा।
- प्रदेश में 16 फरवरी के बाद बदलेगा मौसम, अभी दिन में गर्मी तो रात में ठंड बरकरार।

प्रधानमंत्री–असम दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज असम के एक दिन के दौरे के दौरान पांच हजार चार सौ पचास करोड़ से अधिक रुपये की लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और हरी झंडी दिखाई। गुवाहाटी में, प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुत्र नदी पर कुमार भास्कर वर्मा सेतु का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने लचित घाट जाकर आईआईएम गुवाहाटी के अस्थायी परिसर और कामरूप जिले के अमिंगांव में पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय डेटा केंद्र का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। उन्होंने भारत के चार शहरों के लिए प्रधानमंत्री–ईबस सेवा योजना के तहत दो सौ 25 इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाई। इससे पहले प्रधानमंत्री ने डिब्रूगढ़ जिले में एक राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बने मोरन बाईपास पर आपातकालीन लैंडिंग सुविधा का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गुवाहाटी में बूथ विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि असम सहित पूरा पूर्वोत्तर भारत की अष्टलक्ष्मी है।

मुख्यमंत्री बुरहानपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुरहानपुर में एग्रीकल्चर बेस्ड रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होगी। आज बुरहानपुर में मुख्यमंत्री ने 696 करोड़ 37 लाख रुपये लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने बुरहानपुर में केला उत्पादक किसानों के हित में वैल्यू एडिशन और भण्डारण एवं प्रसंस्करण के लिए इकाई स्थापित करने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में नगर परिषद शाहपुर को परीक्षण उपरांत नगर पालिका का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हॉर्ट्रीकल्चर सब्जेक्ट अब प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में पढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरहानपुर में युवाओं के लिए कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रारंभ किए जाएंगे। राज्य सरकार बुरहानपुर सहकारी सूत मिल श्रमिकों के बकाया भुगतान कराएगी और यहां नए उद्योग-धंधे भी स्थापित करेगी।

विशेष रेलगाडियां – वैष्णो देवी

होली के त्यौहार के दौरान उत्तर रेलवे का जम्मू मण्डल फरवरी और मार्च 2026 में श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन से नई दिल्ली और वाराणसी के लिए विशेष रेलगाडियों का संचालन करेगा। ये रेलगाडियां मार्ग में पड़ने वाले प्रमुख स्टेशनों पर रुकेंगी जिससे जम्मू–कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के यात्रियों को लाभ होगा। इसका उद्देश्य त्यौहारी भीड़–भाड नियंत्रित करना, टिकटों की उपलब्धता और सुरक्षित तथा आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करना है। इसके अतिरिक्त भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम–आईआरसीटीसी ने तीर्थयात्रा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गुजरात के प्रताप नगर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा के लिए एक पर्यटक रेलगाडी शुरू की है।

मुख्यमंत्री राशि अंतरित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक खंडवा में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख  लाड़ली बहनों के खातों में 1 हजार 836 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। योजना में अब तक लाड़ली बहनों को 52,304 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 255 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं 354 करोड़ रूपए 11 विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

घोषणा – प्रकृति की बात

आकाशवाणी एक नई श्रृंखला, प्रकृति की बात, आकाशवाणी के साथ शुरू कर रहा है। पहले एपिसोड में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव पर्यावरण संरक्षण और मिशन लाइफ के संबंध में भारत की प्रतिबद्धताओं और उपलब्धियों के बारे में बात करेंगे। पर्यावरण मंत्री बताएंगे कि कैसे विभिन्न मंत्रालय संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण के साथ इस मुद्दे पर काम कर रहे हैं। यह कार्यक्रम आज शाम आकाशवाणी गोल्ड पर पांच बजकर 10 मिनट पर प्रसारित होगा। इसे ऐप न्यूज ऑन एआईआर और यूट्यूब चैनल न्यूज़ ऑन एआईआर ऑफिशियल पर भी सुना जा सकता है।

डाक– आठ टिकट

डाक विभाग ने देश की समृद्ध और विविध कठपुतली परंपराओं का उत्सव मनाने के लिए भारत की कठपुतली विषय पर आठ स्मारक डाक टिकटों का सेट जारी किया। विभाग की सचिव वंदिता कौल ने नई दिल्ली में सांस्कृतिक जगत की कलाकारों और सदस्यों की मौजूदगी में यह टिकट जारी की। इस अवसर पर सुश्री कौल ने कहा कि डाक टिकट राष्ट्र की विरासत के छोटे राजदूत हैं।

महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि का महापर्व कल प्रदेशभर में भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए भक्तगणों द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की गई हैं। शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और जिला प्रशासन की ओर से शिवमंदिरों में सुरक्षा बढाई गई है। मुख्यतौर पर उज्जैन में महाकाल मंदिर, खजुराहो में मतंगेश्वर, कुंडेश्वर में शिव मंदिर, मंदसौर में पशुपतिनाथ मंदिर और भोपाल के पास भोजपुर मंदिर सहित राजधानी के बडवाले महादेव मंदिर में बडी संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचना होता है। यहां सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिवपुरी के प्राचीन सिद्धेश्वर

महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया जाएगा। रतलाम में मांगल्य मन्दिर धर्म क्षेत्र पर संस्कारमय आध्यात्मिक उत्सव होगा।

देवास जिले में महाशिवरात्रि की तैयारियां जोरों पर हैं। पन्ना में इस वर्ष 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती का महोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। मंदसौर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित आराधना हॉल में “महादेव महोत्सव” का आयोजन किया जाएगा।

सडक हादसा

राजस्थान के कोटा–जयपुर नेशनल हाइवे पर जयपुर के चाकसू में आज तड़के हुए सड़क हादसे में मध्यप्रदेश के पांच लोगों की मौत होने की खबर है। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। बताया गया कि जबलपुर के रहने वाले पांच लोग कार से उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन के बाद खाटू श्यामजी (सीकर) के दर्शन करने के लिए निकले थे। आज सुबह करीब पांच बजे कोटा–जयपुर नेशनल हाइवे पर जयपुर के चाकसू के पास कार आगे चल रहे ट्रेलर में जा टकराई, जिससे घटना स्थल पर ही कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई।

मौसम

प्रदेश में 16 फरवरी के बाद मौसम एक बार फिर करवट ले सकता है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में बादल छाये रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि कल कुछ जिलों में हल्का कोहरा रह सकता है। 16 फरवरी को भी कुछ स्थानों पर हल्का कोहरा रहेगा, दिन में बादल छाए रहेंगे।

समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम जिले के माखननगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत आज पंजीयन शिविर आयोजित किया गया।
- सीहोर जिले में रबी सीजन में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन की प्रक्रिया 7 फरवरी से शुरू हुई। यह 7 मार्च तक चलेगी। जिले में अब तक सिर्फ 2539 किसान ही पंजीयन करा सके हैं।
- चिकित्सा जगत में दवाओं के बदलते स्वरूप और उपचार की आधुनिक पद्धतियों को साझा करने के उद्देश्य से जबलपुर में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- जिला डिंडोरी के मेहंदवानी आकांक्षी विकासखंड में ‘संपूर्णता अभियान 2.0’ के अंतर्गत विशेष आधार शिविर का सफल आयोजन किया गया।
- छिंदवाड़ा के जिला अस्पताल में अब बच्चे के जन्म के 24 घंटे के भीतर जन्म प्रमाण पत्र की प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी।

- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम विभाग द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र नीमच में एमएसएमई उद्योगों के विकास एवं निवेश प्रोत्साहन के लिए कार्यशाला आयोजित की

- गुना जिला प्रशासन और श्रम विभाग की संयुक्त कार्रवाई में ग्राम सोठी निवासी एक परिवार को बंधक श्रम की स्थिति से मुक्त कराया गया।

- झाबुआ में कलेक्टर के निर्देशन में शासकीय आदर्श महाविद्यालय राणापुर में लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किया गया।

---------------------------------